# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–26 जुलाई 2024** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ स्थित सेंट्रल कमांड, कैंट के सूर्या सभागार में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित श्रजत जयंती समारोहश में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुए कहा कि कारगिल युद्ध भारत पर थोपा गया था। कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय जवानों के अदम्य शौर्य और साहस का लोहा दुनिया ने माना। कार्यक्रम से पहले सीएम योगी ने कारगिल स्मृति वाटिका में लगाई गई वीर शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्पचक्र अर्पित कर के उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में सीएम योगी के साथ नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इसी क्रम में गौतमबुद्धनगर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां, जिलाधिकारी ने कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले शूरवीरों को सम्मानित किया। इस दौरान रूसी दूतावास से रूस के डेलिगेट्स भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और कारगिल के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उधर, मथुरा में जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय पर अमर शहीद जवानों को याद किया गया। इसी प्रकार गोरखपुर, अयोध्या, मेरठ, लखीमपुर खीरी, कौशाबीं,मैनपुरी, उन्नाव और हापुड़ में भी देश के वीर सैनिकों को याद किया गया।

**********

सरकार ने 31 मार्च 2027 तक देशभर में 25 हजार 'प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र' खोलने का लक्ष्य रखा है। रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि पिछले जून महीने तक देश भर में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में पांच सौ सैंतालीस प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। सुश्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत 2 हजार 47 दवाओं और तीन हजार सर्जिकल और चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

**********

देश में सिकल सेल बीमारी को खत्म करने के लिए सरकार ने अगले एक साल तक जीरो से 40 साल की उम्र के 7 करोड़ लोगों की जांच करने का लक्ष्य रखा है। यह बात स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कही। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों के प्रभावित दो सौ अठ्हत्तर जिलों में 2025–26 तक 7 करोड़ लोगों की लक्षित स्क्रीनिंग की जाएगी और परामर्श दिया जाएगा।

**********

सीएसआईआर–नेट की परीक्षा में धांधली की सूचना को लेकर आज एसटीएफ ने सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के परीक्षा केंद्र पर छापेमारी की। इस दौरान एसटीएफ ने परीक्षा केंद्र से डिवाइस बरामद किए हैं, साथ ही कई संदिग्ध भी हाथ लगे हैं। इस मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी और चार लोग हिरासत में लिए गए है, जो एग्जाम देने वाले थे। उनसे पूछताछ जारी है।

अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था/ एसटीएफ यूपी अमिताभ यश ने बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही की गई। इसमें परीक्षा लैब के सर्वर रूम से लोकल एरिया नेटवर्क के जरिए एक्स्ट्रा एडमिन कंप्यूटर मिला और सर्वर रूम में दो लैपटॉप मिले जिसमें एनी डेस्क रिमोट एक्सेस टूल देखा गया है। इसके अलावा एक कर्मचारी से परीक्षा कराने वाला मोबाइल मिला है। विधिक कार्यवाही जारी है।

**********

वर्ष 2018 में भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह पर अमर्यादित टिप्पणी के मामले में आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी सुलतानपुर की एमपी_एमएलए कोर्ट में विशेष जज शुभम वर्मा के समक्ष पेश हुए। वादकारी विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि विशेष जज के समक्ष राहुल गांधी ने कहा कि राजनीतिक द्वेष के कारण उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसाया जा रहा है। राहुल गांधी के द्वारा सफाई दिए जाने पर अधिवक्ता संतोष पांडेय ने गवाहों को पेश करने की बात कही तो स्पेशल जज ने 12 अगस्त 2024 को मुकदमे की अगली तारीख तय की है।

**********

प्रदेश में उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट को नई बिल्डिंग से युक्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। मेडिकल यूनिवर्सिटी कैंपस के अंदर ही नौ दशमलव छह, दो एकड़ क्षेत्र में 315 करोड़ रुपए से बिल्डिंग का निर्माण एवं विकास किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत ग्राउंड फ्लोर समेत कुल 7 मंजिला ऊंची बिल्डिंग का निर्माण होगा। साथ ही, एडवांस रोबोटिक सर्जरी सिस्टम, 300 बेड युक्त टीचिंग हॉस्पिटल, मॉर्चरी समेत विभिन्न सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

**********

चंदौली जिले के कंदवा थाना क्षेत्र के बरहनी कस्बे के समीप आज तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा कर गड्ढे में पलट गई। हादसे में बोलेरो वाहन में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाने के बाद शवों को अपने कब्जे में ले लिया।

**********

पेरिस ओलंपिक–2024 खेलों की शुरूआत आज से होगी। ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह का आयोजन पेरिस में सीन नदी के किनारे भारतीय समय के अनुसार रात 11 बजे से होगा। भारत की ओर से शरथ कमल और पी. वी. सिंधु परेड में ध्वजवाहक के रूप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। पी. वी. सिंधु बैडमिंटन में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता हैं। भारतीय खिलाड़ी पारंपरिक पोशाक पहनकर परेड में भाग लेंगे।

**********